अंदर के पेजों पर पढ़ें
2 बिगड़े बोल ठीक नहीं...
6 22 साल के बैटर ने विराट से छीनी ऑरेंज कैप...
7 भोपाल जिले के मतदानकर्मियों के लिए प्रशिक्षण हुआ...

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 11 अंक-10 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 02 अप्रैल से 08 अप्रैल 2024 पृष्ठ-8 मूल्य -2



## संजय सिंह को मिली सुप्रीम कोर्ट से जमानत, साथ में यह हिदायत भी दी

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है। संजय सिंह जमानत पर बाहर आने के बाद राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा ले सकेंगे। संजय सिंह को जमानत देते समय सुप्रीम कोर्ट ने आप नेता को हिदायत भी दी है। कोर्ट ने कहा कि वह दिल्ली की शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले पर कोई भी टिप्पणी ना करें। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय से सवाल किया था कि क्या उसे दिल्ली आबकारी नीति संबंधी कथित घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह को और अधिक समय तक हिरासत में रखने की जरूरत है।

## अभी तो बस ये ट्रेलर है... उत्तराखंड की चुनावी रैली में PM मोदी ने तीसरे टर्म का ऐक्शन प्लान बता दिया

**क्क्रू ने कहा कि मोदी की गारंटी यानी कि गारंटी के भी पूरा होने की गारंटी। ये दशक उत्तराखंड का दशक होने वाला है। उन्होंने देवभूमि को नमन करते हुए अपने तीसरे टर्म का ऐक्शन प्लान भी बता दिया। उन्होंने बिजली से लेकर सोलर पैनल तक की स्कीम का जिक्र करते हुए इसके फायदे भी गिना डाले।**



रुद्रपुर- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीने उत्तराखंड के रुद्रपुर में लोकसभा चुनाव के तहत रैली करते हुए शंखनाद किया है। क्क्रू ने कहा कि मोदी की गारंटी यानी कि गारंटी के भी पूरा होने की गारंटी। ये दशक उत्तराखंड का दशक होने वाला है। उन्होंने देवभूमि को नमन करते हुए अपने तीसरे टर्म का ऐक्शन प्लान भी बता दिया। उन्होंने बिजली से लेकर सोलर पैनल तक की स्कीम का जिक्र करते हुए इसके फायदे भी गिना डाले।

पीएम मोदी ने मंगलवार को रुद्रपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, %मैं जब भी उत्तराखंड की पवित्र धरती पर आता हूं, खुद को बहुत धन्य महसूस करता हूं। इसलिए मेरे दिल की गहराई से एक बात निकली थी-देवभूमि के ध्यान से ही मैं सदा धन्य हो जाता हूं, है भाग्य मेरा सौभाग्य मेरा, मैं तुमको शीश नवाता हूं।

## रोहिणी आचार्य के चुनाव मैदान में उतरते ही छिड़ी सिंगापुर की बहू Vs बिहारी प्राइड की लड़ाई!

**लालू यादव की दूसरी बेटी रोहिणी आचार्य के सारण से चुनाव मैदान में उतरने को लेकर बीजेपी ने लालू परिवार पर जोरदार हमला बोला है. बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कटाक्ष करते हुए कहा, जनता को सिंगापुर की बहू और बिहारी प्राइड में से किसी एक को चुनना है. वहीं बिहार बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने लालू परिवार पर बरसते हुए कहा, देखते हैं हमारी बची हुई 5 बहनों को लालू जी कब चुनाव मैदान में उतारते हैं.**



लालू यादव की दूसरी बेटी रोहिणी आचार्य के राजनीति के मैदान में उतरते ही बीजेपी लालू परिवार पर हमलावर हो गई है. रोहिणी आचार्य का सारण से चुनाव लड़ना लगभग तय हो चुका है जिसके बाद उन्होंने सोनपुर के हरिहरनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर अपने चुनावी अभियान की शुरुआत कर दी है. चुनाव प्रचार की शुरुआत से पहले रोहिणी ने अपने पिता को भगवान कहते हुए पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया और उसके बाद अपने प्रचार के लिए निकल गईं.

## BJP में आओ या फिर जेल जाओ, आतिशी का दावा- भाजपा ने भिजवाया ऑफर, 4 और नेता होंगे अरेस्ट



दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मेरे करीबी के माध्यम मुझे बीजेपी में शामिल होने का ऑफर दिया गया. उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में क के कुछ और नेता गिरफ्तार किए जा सकते हैं.

दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी मार्लेना ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, %मेरे बहुत करीबी व्यक्ति के माध्यम से मुझे भारतीय जनता पार्टी ज्वॉइन करने के लिए अप्रोच किया गया. मुझे ये कहा गया कि या तो मैं बीजेपी में शामिल हो जाऊं और अपना राजनीतिक करियर बचा लूं. अगर भाजपा ज्वॉइन नहीं करी तो आने वाले एक महीने में मुझे एक महीने में अरेस्ट कर लिया जाएगा.

## क्या कच्चातिवु द्वीप वापस लेगी मोदी सरकार?

**नई दिल्ली. श्रीलंका को कच्चातिवु द्वीप सौंपे जाने का मामला 50 साल बाद एक बार फिर सुर्खियों में है, जहां भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) उस वक्त केंद्र में सरकार चला रही कांग्रेस और तमिलनाडु की सत्ताधारी डीएमके पर हमलावर है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस मामले में कांग्रेस और डीएमके पर देश की संप्रभूता के साथ समझौता करने का आरोप लगाया है. केंद्र सरकार द्वारा इस मुद्दे को इतनी जोर-शोर से उठाए जाने से सवाल उठ रहा है कि क्या**





**श्रीलंका को सौंपा गया कच्चातिवु द्वीप भारत वापस लेगा? इस बारे में श्रीलंका के मंत्री से बात करने पर उन्होंने कहा कि भारत ने इस मुद्दे पर अभी तक कोई आधिकारिक संदेश नहीं भेजा है.**

अंग्रेजी अखबार इंडियन एक्सप्रेस में श्रीलंकाई राष्ट्रपति रनिल विक्रमसिंघे के मंत्रिमंडल में तमिल मूल के मंत्री जीवन थोंडामन के हवाले से बताया गया है, 'जहां तक श्रीलंका का सवाल है, कच्चातिवु द्वीप श्रीलंकाई नियंत्रण रेखा के भीतर आता है. श्रीलंका के साथ नरेंद्र मोदी की विदेश नीति सजीव और स्वस्थ है. अभी तक भारत की ओर से कच्चातिवु द्वीप का नियंत्रण लौटाने के लिए कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी गई है. भारत की ओर से अभी तक ऐसा कोई अनुरोध नहीं आया है. अगर ऐसा कोई संदेश आता है, तो विदेश मंत्रालय उसका जवाब देगा.'

संपादकीय

**लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने कुछ बड़बोले नेताओं को नोटिस थमा दिया है, जिन्होंने महिला उम्मीदवारों को लेकर ओछी बयानबाजी की। चुनावों के ऐलान के साथ ही आयोग ने कहा था कि नेता एक दूसरे के खिलाफ पर्सनल कमेंट करने से बचें। लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ यह बात जाहिर थी कि एक-दूसरे के खिलाफ राजनीतिक टीका-टिप्पणी अब ज्यादा चुभने वाली होगी। लेकिन, बात बढ़कर जिस तरह महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी और सोशल मीडिया पोस्ट तक जा पहुंची, वह न सहने लायक है और न ही उस पर चुप रहना चाहिए।**

# बिगड़े बोल ठीक नहीं



आयोग का नोटिस = कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के ट्विटर हैंडल से क्छ्क्क उम्मीदवार और बॉलिवुड अभिनेत्री कंगना रनौत पर आपत्तिजनक कमेंट किया गया, जबकि पश्चिम बंगाल में क्छ्क्क नेता दिलीप घोष की जुबान ष्टरूममता बनर्जी पर बोलते हुए 'फिसल' गई। इन दोनों मामलों में अच्छी चीज यह हुई कि अपमानजनक भाषा को बदजुबानी मान लिया गया और दोनों नेताओं पर एक्शन लेने में देरी नहीं की गई।

मर्यादा का सम्मान = क्छ्क्क ने भी दिलीप घोष से जवाब-तलब किया, जबकि सुप्रिया को यूपी की उस महाराजगंज सीट से टिकट नहीं मिला, जहां से वह पिछले लोकसभा चुनाव में खड़ी हुई थीं। दोनों दलों ने कदम उठाने में जो तेजी दिखाई, वह सराहनीय है। इससे सख्त संदेश गया कि चुनाव के बहाने कुछ भी कहकर बचा नहीं जा सकता।

नई बात नहीं = यह कोई पहली बार नहीं है, जब महिलाओं को लेकर नेताओं की जुबान फिसली हो। पिछले आम चुनाव को ही याद करें, तो पोशाक से लेकर चेहरे-मोहरे तक, राजनेताओं ने बिगड़े बोल में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2019 लोकसभा चुनाव में करीब 14त्र ट्वीट आपत्तिजनक थे। यह आंकड़ा ही अपने आप में सारी कहानी कह देता है।

गलती तो गलती है = जब सुप्रिया की पोस्ट वायरल हुई, तो कई लोगों ने कंगना के पुराने ट्वीट निकालने शुरू कर दिए। कंगना ने बॉलिवुड अभिनेत्री और कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ीं उर्मिला मातोंडकर को लेकर कुछ ऐसा कहा था, जो उन्हें नहीं कहना चाहिए था। पुराने ट्वीट को निकालने का मकसद था यह बताना कि देखो, आपने भी तो गड़बड़ी की थी। लेकिन, यह याद रखना चाहिए कि दो गलत चीजें मिलकर एक सही चीज नहीं बना सकतीं।

निशाने पर महिलाएं = देखा गया है कि अमर्यादित बोल ज्यादातर महिलाओं को लक्ष्य करके ही बोले जाते हैं और बोलने वालों में महिलाएं भी होती हैं। कई बार तो राजनेताओं को पता ही नहीं चलता कि अपनी रौ में बहते हुए वे कहां से कहां पहुंच गए। पिछले साल बिहार के सीएम नीतीश कुमार का विधानसभा में दिया बयान इसकी बानगी है। इसकी बड़ी वजह है संवेदनहीनता।

पार्टियां भी सख्ती करें = समाज में प्रचलित धारणाएं और पूर्वाग्रह भी अक्सर नेताओं पर हावी हो जाता है। लेकिन, उनका कहा-किया एक बड़े तबके पर असर डालता है। इसलिए उन्हें ज्यादा संवेदनशील होने की जरूरत है। साथ ही, राजनीतिक दलों की ओर से भी ऐसे नेताओं पर सख्ती की दरकार है।



संपादक-
गोपाल गावंडे

राजनीति

# पश्चिमी महाराष्ट्र में शरद पवार का नया समीकरण! BJP को चुनौती देने के लिए राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को साध रहे



**अपनी पार्टी में विभाजन के बाद, शरद पवार अब अपने पारंपरिक राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को एमवीए में एक साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं. इसी सिलसिले में उन्होंने कांग्रेस नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चह्वाण से संपर्क किया और उन्हें सतारा लोकसभा सीट ऑफर की. सूत्रों की मानें तो चह्वाण कांग्रेस के सिंबल पर सतारा से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं.**

लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सुप्रीमो शरद पवार अपने पुराने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के साथ तालमेल बिठाने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने हाल ही में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चह्वाण को सतारा लोकसभा क्षेत्र की पेशकश की थी. इसे लेकर पवार की पार्टी एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने सतारा में चह्वाण के साथ बैठक की. सूत्रों की मानें तो शरद पवार आधिकारिक तौर पर पृथ्वीराज पृथ्वीराज का नाम घोषित करने के लिए तैयार हैं, लेकिन कांग्रेस चाहती है कि वह पार्टी के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ें.

अपनी पार्टी में विभाजन के बाद, शरद पवार अब अपने पारंपरिक राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को एमवीए में एक साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं. पवार ने सोलापुर के प्रमुख मराठा नेता मोहिते पाटिल के साथ-साथ बारामती लोकसभा क्षेत्र के पूर्व मंत्री अनंतराव थोपटे के साथ बातचीत शुरू की है. अब पृथ्वीराज चह्वाण को साथ लेकर एनसीपी सुप्रीमो ने दो पीढ़ियों की राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता खत्म करने की कोशिश है. चूंकि मौजूदा सांसद श्रीनिवास पाटिल की उम्मीदवारी का पार्टी के भीतर 2 विधायकों द्वारा विरोध किया जा रहा है, इसलिए 2024 के लिए उनके दोबारा नामांकन की संभावना कम है.

शिवाजी महाराज के वंशज उदयनराजे भोसले को बीजेपी द्वारा उम्मीदवार बनाए जाने की खबर के बाद शरद पवार ने पुराने समीकरणों को नए समीकरणों से जोड़ना शुरू कर दिया है. भले ही बीजेपी ने अभी तक आधिकारिक तौर पर उनके नाम की घोषणा नहीं की है, लेकिन उदयनराजे ने खुद को लोकसभा उम्मीदवार के रूप में प्रचारित करना शुरू कर दिया है. ऐसे में पवार ने पृथ्वीराज चह्वाण से उनके खिलाफ नामांकन दाखिल करने को कहा है. इसके अलावा एनसीपी (शरद गुट) के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल और पृथ्वीराज चह्वाण के बीच भी चर्चा हुई.

सूत्रों ने पुष्टि की कि वह कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं, भले ही सीट एनसीपी के कोटे में है.शरद पवार ने दूसरी बार चह्वाण से संपर्क किया है. इससे पहले 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान शरद पवार ने पृथ्वीराज चह्वाण से लोकसभा चुनाव लड़ने के बारे में पूछा था. लेकिन चह्वाण को शक था कि पवार उनका राजनीतिक करियर खत्म करने की योजना बना रहे हैं. उन्होंने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था और अपने निर्वाचन क्षेत्र, कराड दक्षिण में बने रहे.

### पवार और चह्वाण के बीच दो पीढ़ियों की राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता

यह शरद पवार ही थे जिन्होंने 1999 में, कराड लोकसभा क्षेत्र से पृथ्वीराज चह्वाण का विरोध किया था. शरद पवार ने अपनी नवगठित राजनीतिक पार्टी एनसीपी से श्रीनिवास पाटिल को मैदान में उतारा. इससे पहले, राजनीतिक दुश्मनी तब शुरू हुई जब पवार ने पहली बार पृथ्वीराज चह्वाण की मां और तत्कालीन सांसद प्रेमला काकी चौहान के खिलाफ उम्मीदवार खड़ा किया. इसे ध्यान में रखते हुए, पृथ्वीराज चह्वाण ने 2019 में शरद पवार द्वारा पेश किए गए टिकट को अस्वीकार कर दिया था. इसके कारण, शरद पवार को उदयनराजे भोसले के खिलाफ श्रीनिवास पाटिल को नामांकित करना पड़ा.

### पृथ्वीराज चह्वाण ने 2012 में बराबर किया राजनीतिक हिसाब

2012 में पृथ्वीराज चह्वाण के मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने पुराना राजनीतिक हिसाब बराबर करने के लिए अजित पवार पर निशाना साधा. तब महाराष्ट्र राज्य शिखर बैंक मामले में अजित पवार की जांच हुई थी. चह्वाण ने मुख्यमंत्री रहते इस जांच पर काफी जोर दिया था. इसके चलते कांग्रेस और एनसीपी दोनों पार्टियों के बीच आंतरिक कलह शुरू हो गई, जिसके परिणामस्वरूप सरकार गिर गई. बता दें कि पृथ्वीराज चह्वाण के नेतृत्व वाली वह कांग्रेस सरकार शरद पवार की एनसीपी के सहयोग से चल रही थी.

## उधारी के पैसे नहीं . चाकू मारा

**इन्दौर।** मुकेश पिता रामनारायण प्रजापत निवासी कौशल्यपुरी में पुलिस को बताया कि उसमें जितेंद्र चौहान को पांच हजार रुपए उधार दिए थे मांगे तो उसने चाकू मार दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

## शराब के साथ पकड़ा

**इन्दौर।** सांवेर पुलिस ने गोपाल पिता अर्जुन चौधरी को पकड़ा और 20 बोतल शराब जप्त की इसी प्रकार बेटमा पुलिस में रमेश शुक्ला राधेश्याम से 15 बोतल शराब जप्त की है। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया।

## एटीएम में चोरी का प्रयास

**इन्दौर।** किशनगंज पुलिस ने फरियादी पुरोहित मीणा की रिपोर्ट पर चोरी का केस दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक चोरों ने एसबीआई के एटीएम को तोड़ने का प्रयास किया है। चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं जिनकी तलाश की जा रही है।

## पोस्टर फाड़ने पर झगड़ा

**इन्दौर।** विजय चौधरी निवासी चंदननगर की रिपोर्ट पर राहु पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ के केस दर्ज किया है। न्यू नेहरू नगर गेट के पास पोस्टर फाड़ने की बात को लेकर झगड़ा हुआ था।

## पियानो बार पर केस दर्ज

**इन्दौर।** विजयनगर पुलिस में कुलदीप सिंह निवास मैनपुरी उत्तर प्रदेश के खिलाफ धारा 188 का केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि पियानो बार की जांच की तो वह रात्रि 1 बजे तक चालू मिला था।

## हंगामा करते पांच बंदी

**इन्दौर।** पुलिस भंवर कुवा ने टॉवर चौराहे पर हंगामा करते हुए मनोज का बाबूलाल तोमर विक्रम पिता राजेंद्र चौधरी अशोक पिता जगदीश यादव और दो अन्य को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ धारा 160 के तहत केस दर्ज किया है।

## टक्कर से दो घायल

**इन्दौर।** सावेर रोड पर मोटरसाइकिल सवार कमलेश पिता उमाशंकर यादव और विनोद पिता गेंदालाल साहू दोनों निवासी बाढ़गंगा को ट्रक में टक्कर मार दी जिसमें दोनों घायल हो गए। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया।

## गांजा पीते बंदी

**इन्दौर।** पुलिस एमआईजी में गांजा पीते हुए अशोक पिता निरंजन कपिल पिता मुन्नालाल धर्मेंद्र पिता कन्हैया लाल और अजय पिता विष्णु को पकड़ा। इनके पास से गांधी की पुड़िया बरामद की सभी के खिलाफ केस दर्ज किया।

## बहु को दहेज प्रताड़ना

**इन्दौर।** महेश यादव आनंद नगर में रहने वाली नेहा जोशी 28 साल की रिपोर्ट पर पति महेश सास रुक्मणी जोशी ससुर रामचंद्र जोशी और देवर पंकज के खिलाफ के दर्ज किया। नेहा ने बताया कि उसे मायके से 5 लख रुपए नहीं लाने पर प्रताड़ित किया।

## ई-रिक्शा के कांच फोड़े

**इन्दौर।** विदुर नगर में रहने वाले रंजीत पिता रामकुमार ने पुलिस को बताया कि क्षेत्र में रहने वाले जितेंद्र यादव ने होली पर ई-रिक्शा में परिजनों को ले जाने को कहा तो उसने मना कर दिया इस पर उसने गाड़ी के कांच फोड़ दिए और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## बाइक चोर पकड़ा

**इन्दौर।** अमित पिता हेमंत त्रिपाठी निवासी एरोड्रम की कलानी नगर से मोटरसाइकिल चुराकर ले जाते हुए कमल पिता घनश्याम साहू को रंगे हाथों पकड़ा और पुलिस के हवाले किया।

## हथियार सहित चार बंदी

**इन्दौर।** छतरीपुरा पुलिस में दिलीप पिता रमेश पाल से तलवार और यशवंत पिता सुनील गुर्जर से चाकू बरामद किया। इसी प्रकार जूनी इंदौर पुलिस ने संदीप पिता शंकर लाल चौहान से गुप्ति और कैलाश पिता बसंत पाल से चाकू बरामद किया। सभी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## अधेड़ की संदिग्ध मौत

**इन्दौर।** नरेश पिता मोतीलाल कलोता 55 साल निवासी देपालपुर की उपचार के दौरान बड़े अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक परिजनों से बेहोशी की हालत में बड़े अस्पताल ले गए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। गुलाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# शादीशुदा महिला पर तेजाब फेंकने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर 2 अप्रैल विजयनगर पुलिस ने शादीशुदा महिला पर तेज फेंकने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आप आई महिला से एक तरफा प्यार करता है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय महिला ने बताया कि रविवार को भी उसने सयाजी चौराहे के पास पीछा किया और रास्ता रोकने की कोशिश की विरोध किया तो तेज फेंक कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता ने यहां बात अपने पति को बताई । फिर दोनों ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी राहुल पिता इंदौरी लाल यादव निवासी भागीरथपुरा को गिरफ्तार कर लिया इसके खिलाफ छेड़छाड़ करने और तेजाब फेककर जान से करने की धमकी देने के मामले में केस दर्ज किया है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह निजी कंपनी में जॉब करती है। रविवार दोपहर वह अपनी एक्टिवा से विजयनगर क्षेत्र से अरबिंदो अस्पताल की तरफ जा रही थी तभी आरोपी राहुल अपनी गाड़ी से सयाजी चौराहे के पास आया और पीछा करते हुए रास्ता रोक लिया। कुड़ी थाने बात करने से इनकार किया तो राहुल ने उसे मोबाइल नंबर मांगा। पंडित ने शोर मचाया तो राहुल तेजाब फेंकने और जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया।

## आर्मी अफसर बनकर 10 लाख की ठगी

**इंदौर ।** अप्रैल आर्मी अफसर बनकर ठगी का सिलसिला जारी है। 2 दिन पहले साइबर सेल एसपी जितेंद्र सिंह के पास एक प्राइवेट नौकरी करने वाली महिला पहुंची और बताया कि उसने अपना इंदौर का एक फ्लैट बेचने के लिए ओएलएक्स पर जानकारी दी थी। इस पर एक व्यक्ति ने उनसे संपर्क किया और कहा कि वह आर्मी में अफसर है और जम्मू कश्मीर में पदस्थ है लेकिन उसका मऊ में ट्रांसफर हो गया है। बच्चों की पढ़ाई के लिए वह इंदौर में फ्लैट खरीदना चाहता है। इस पर महिला ने उसे फ्लैट की कीमत की जानकारी दी इसके बाद उसने बैंक खाते से एडवांस में कुछ रुपए जमा करने के नाम पर महिला से उसके खाते की जानकारी और ओटीपी ले लिया कुछ देर बाद महिला के खाते से 10 लख रुपए साफ हो गए। जब बैंक से मैसेज आया तो महिला को पता चला कि वह ठगी का शिकार हो गई। साइबर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## रंगपंचमी पर रंगदारी करने वाले दो कुख्यात गुंडे पर लगाई रासुका

**इंदौर 2 अप्रैल भंवरकुवा पुलिस ने रंग पंचमी के दौरान रंगदारी करने वाले दो कुख्यात बदमाशों के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की गई है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता के निर्देश पर शहर में गुंडो के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है इसी के चलते एसीपी धुर्वे के निर्देश पर भंवर कुवा पुलिस ने अजय उर्फ झूला जयसवाल निवासी पालदा और रोशन उर्फ रोहन निवासी त्रिवेणी नगर को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने भंवर कुवा थाना क्षेत्र में रंग पंचमी के दौरान रंगदारी की थी।

पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध भंवर कुवा थाने के अलावा शहर के अन्य थाने और ग्रामीण थाना क्षेत्र में हत्या लूट डकैती की योजना आदि के 16 प्रकरण पहले से ही दर्ज है। दोनों को गिरफ्तार कर जिला दंडाधिकारी के समक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दोनों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की गई। दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल इंदौर भेजा गया है।

# बेटे को बचाने गई मां को मारा चाकू, प्रकरण दर्ज

**इंदौर 2 अप्रैल राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में बदमाश एक युवक के साथ मारपीट कर रहे थे मां बचाने जोड़ी तो बदमाशों ने उसे चाकू मार दिया और धमकी देकर भाग गए।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना चित्रकूट नगर की है। सुख निवास रोड के पास रहने वाली चमेली बाई पति विष्णु शर्मा ने पुलिस को बताया कि मेरे बेटे कन्हैया के साथ जितेंद्र राजेश रजत पप्पू राहुल इंदर सिंह आदि मारपीट कर रहे थे मैं बचाने गई तो आरोपियों ने मारपीट की और फिर जितेंद्र और राजेश ने चाकू मार दिया और धमकी देकर भाग गए। राजेंद्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। इसी प्रकार आनंद नगर में रहने वाले राहुल पिता राजेंद्र वर्मा ने पुलिस को बताया कि मैं अपनी बहन को एक्टिव से घर छोड़ने जा रहा था तभी रास्ते में कुछ लोग झगड़ा कर रहे थे मैं देख रहा था तभी आरोपी नरेंद्र रघुवंशी और सुखदेव ने गालियां दी मैंने गाली देने से मना किया तो दोनों ने बुरी तरह से मारपीट की और फिर नरेंद्र ने कमर पर चाकू मार दिया और धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## सवारी को लूटा, सिर पर काट खाया

**इंदौर ।एक युवक को रिक्शा चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर लूट लिया,पहले तो युवक को रिक्शा चालक सुने स्थान पर ले गया फिर उसके साथ झूमाझटकी करते हुए उसके सिर पर भी काट लिया।**

बताते है कि मूसाखेड़ी निवासी दीपक पिता मोहनलाल प्रजापति (28) नवलखा चौराहे से तीन इमली जाने के लिए रिक्शा द्बश्च09 ह्रु 3503 में सवार हुआ था ।रिक्शा चालक उसे तीन इमली ना ले जाते हुए संविद नगर के एक सुने स्थान पर ले गया ।जहां रिक्शा चालक और उसके तीन साथियों ने दीपक से मारपीट करते हुए 1200 रुपये और दस्तावेज छीन लिए विरोध करने पर एक आरोपी ने दीपक के माथे पर दांत से कांट लिया ।मामले में पुलिस ने लूट का प्रकरण दर्ज किया है बताया जा रहा है कि पुलिस ने आरोपियों को भी हिरासत में ले लिया है लेकिन अभी पुलिस ने इसका खुलासा नही किया है।

## मसाले की आड़ में शराब की तस्करी करने वाला ट्रांसपोर्टर पकड़ाया

इंदौर । इंदौर से गुजरात भेजी जा रही शराब के मामले में एसटीएफ ने ट्रांसपोर्टर अनूप सिंह भाटी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मसाले के बॉक्स में शराब की पेटी रखकर गुजरात भेज रहा था। आरोपी भाटी ने बड़ोदरा को अपना सेंटर बना रखा है।

# कुंडलिनी जागरण मानव मात्र का पुनर्जन्म : सहज योग माध्यम



ईस्टर खुशी, उल्लास व उत्साह का पर्व है। गुड फ्राइडे के दिन येरुशलम में ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया क्योंकि अहंकारी मनुष्य ईश्वर के अवतरण को स्वीकार नहीं कर पा रहे थे। हमारे धर्मग्रंथो के अनुसार कलियुग का प्रारंभ ईसा के जन्म के 3102 वर्ष पूर्व हो गया था। यह कलियुग का ही प्रभाव था कि मनुष्य उस ईश्वर को नहीं पहचान पा रहे थे, जो उनका उद्धार करने, उनका दुख दूर करने और उन्हें आध्यात्मिक ज्ञान देने के लिए अवतरित हुये थे।

मानव को क्षमाशीलता का संदेश देने के लिए ईसा मसीह सूली पर चढ़ गये और ईस्टर के दिन यानि अपने सूली पर चढ़ने के तीसरे दिन पुनर्जीवित हो गये। धर्म ग्रंथ कहते हैं अपने पुनर्जन्म के बाद 40 दिनों तक वे धर्म ज्ञान बांटते रहे और 41 वें दिन सशरीर स्वर्ग चले गये।

मानव मात्र को यह समझना होगा कि ईसा को फिर से जीवित होना ही था तो उन्होंने मृत्यु को स्वीकार क्यों किया? ईश्वर जब भी पृथ्वी पर अवतरित होते हैं उन्हें स्वयं को साधारण मनुष्य के स्थान पर रखकर ही सारे नाटक करने पड़ते हैं। अन्यथा मनुष्य सिर्फ बातों से उनके गुणों और संदेशों को समझ नहीं पायेंगे।

ईसा मसीह ने मनुष्य रुप में हमारे अंदर स्थित पंचतत्व के गुणों में धरती तत्व, जल तत्व और वायु तत्व पर विजय पा ली थी। आज्ञा चक्र जो हमारे कपाल पर स्थित है, के प्रकाश तत्व पर विजय पाने हेतु उन्होंने सूली पर चढ़ना स्वीकार किया और तीनों तत्वों का त्याग कर प्रकाश तत्व पर विजय पाई, ब्रह्माण्ड में सदैव जीवित रहने का आश्वासन देते हुए अंततः स्वर्गलोक को गये। मानव को संदेश देने के लिए ऐसा करना जरुरी था। ईसा मसीह ने कहा था, मैं ज्वाला के रुप में तुम्हारे अंदर स्थित रहूंगा और ईसा हमारे आज्ञा चक्र पर प्रकाश रुप में स्थित है। ईसा मसीह ने यह भी कहा था कि आध्यात्मिक उत्थान के लिए आपको द्विज होना पड़ेगा यानि इसी जन्म में एक और जन्म लेना पड़ेगा।

परम पूज्य श्री माताजी कहती है, सहज योग माध्यम से कुंडलिनी जागरण मनुष्य के लिए पुनर्जन्म है। क्योंकि सामुहिक चेतना से हममें आत्मा का प्रकाश आता है और यही आत्मज्ञान पुनर्जन्म है। जीजस का क्रूसारोपण क्षमाशीलता का संदेश है और ईस्टर के दिन उनका पुनर्जन्म आत्मिक उत्थान का संदेश। इस घोर कलियुग में ही आत्मसाक्षात्कार को घटित होना था। हमारे अंतर स्थित सभी पंचमहाभूतों को जानने, समझने और आत्मज्ञान प्राप्त करने हेतु चलिये सहजयोग से जुड़ते हैं ताकि ईस्टर पर्व की सार्थकता को अंगीकार कर सकें।

आप अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 21 00 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइटU sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।


# बस फेफड़ों को छलनी करने वाला है कैंसर, ये पहला लक्षण दिखते ही दौड़े डॉक्टर के पास

**सिगरेट पीना फेफड़ों के कैंसर का नंबर एक कारण है। हैरानी की बात यह है कि फेफड़ों का कैंसर उन लोगों में हो सकता है, जो कभी स्मोकिंग नहीं करते या जिन्होंने अपने जीवनकाल में 100 से भी कम सिगरेट पी।**

फेफड़ों का कैंसर फेफड़ों में कोशिकाओं के असामान्य रूप से बढ़ने से शुरू होता है। ये वही अंग हैं जो हमारी सांस लेने की प्रक्रिया को नियंत्रित करते हैं। दुनियाभर में कैंसर से होने वाली मौतों में फेफड़ों का कैंसर सबसे प्रमुख कारण है।

फेफड़ों के कैंसर का ज्यादा खतरा किसे है? स्मोकिंग करने वालों को फेफड़ों का कैंसर होने का खतरा सबसे ज्यादा होता है। जितने लंबे समय तक और जितनी ज्यादा सिगरेट पी जाती है, फेफड़ों का कैंसर होने का खतरा उतना ही बढ़ता जाता है।

अच्छी बात ये है कि अगर कोई व्यक्ति स्मोकिंग छोड़ देता है, तो भी कई सालों तक स्मोकिंग करने के बाद, फेफड़ों का कैंसर होने का खतरा काफी कम हो जाता है। हालांकि, ध्यान देने वाली बात ये है कि फेफड़ों का कैंसर उन लोगों को भी हो सकता है जिन्होंने कभी स्मोकिंग नहीं की



## फेफड़ों के कैंसर के लक्षण

फेफड़ों के कैंसर में शुरुआत में कोई खास लक्षण दिखाई नहीं देते। आमतौर पर लक्षण तब सामने आते हैं जब बीमारी काफी बढ़ चुकी होती है। मेयोक्लिनिक के अनुसार, फेफड़ों और उसके आसपास होने वाले लक्षणों में शामिल हो सकते हैं-

**लगातार बनी रहने वाली खांसी जो ठीक न हो।**
**सीने में दर्द होना।**
**खून के साथ खांसी आना, भले ही खून की मात्रा कम ही क्यों न हो।**
**आवाज बैठ जाना।**
**सांस लेने में तकलीफ होना।**
**सांस लेते समय सीटी जैसी आवाज आना**

**जब फेफड़ों का कैंसर शरीर के अन्य भागों में फैल जाता है, तो ये लक्षण दिखाई दे सकते हैं**

**हड्डियों में दर्द होना।**
**सिरदर्द होना।**
**बिना किसी कोशिश के वजन का कम होना।**
**भूख कम लगना।**
चेहरे या गले में सूजन होना।

## फेफड़ों के कैंसर के कारण

सिगरेट पीना फेफड़ों के कैंसर का नंबर एक कारण है। फेफड़ों का कैंसर अन्य प्रकार के तम्बाकू (जैसे पाइप या सिगार) का उपयोग करने, धुएं में सांस लेने, घर या काम पर एस्बेस्टस या रेडॉन जैसे पदार्थों के संपर्क में आने, कुछ जीन बदलने (शरीर की कोशिकाओं में होने वाले असामान्य परिवर्तन) के कारण भी हो सकता है। फेफड़ों का कैंसर उन लोगों में हो सकता है जिन्होंने कभी स्मोकिंग नहीं की या अपने जीवनकाल में 100 से कम सिगरेट पी।

## डॉक्टर को कब दिखाएं?

अगर आपको कोई भी ऐसा लक्षण दिखाई दे रहा है जिससे आप परेशान हैं, तो अपने डॉक्टर या किसी अन्य हेल्थकेयर प्रोफेशनल से जरूर संपर्क करें। अगर आप स्मोकिंग करते हैं और छोड़ नहीं पा रहे हैं, तो भी अपने डॉक्टर से जरूर मिलें। वे आपको स्मोकिंग छोड़ने में मदद के लिए परामर्श, दवाइयां और निकोटिन रिप्लेसमेंट प्रोडक्ट्स जैसी उपायों के बारे में बता सकते हैं।

# कुछ साल में 250 थिएटर्स के मालिक होंगे अजय देवगन



**अजय देवगन आज 55 साल के हो चुके हैं। सांवली रंगत और भारी आवाज वाले अजय देवगन, स्टंट डायरेक्टर वीरू देवगन के बेटे हैं। कभी गुंडागर्दी के लिए कॉलेज में मशहूर अजय ने जब अपने दोस्तों से कहा कि वो हीरो बनेंगे, तो दोस्त मजाक उड़ाते हुए हंस पड़े और हैरानी से पूछा- तू हीरो बनेगा? आज यही अजय देवगन बॉलीवुड के सबसे कामयाब एक्टर्स में शामिल हैं।**

शाहरुख हों, सलमान हों या आमिर, 90 दशक के हर स्टार ने किसी न किसी साल फ्लॉप फिल्में दीं या ब्रेक लिया, लेकिन अजय इकलौते एक्टर हैं, जिन्होंने 1991 की फिल्म फूल और कांटे से डेब्यू के बाद आज तक 33 सालों में कभी न ब्रेक लिया न बिना हिट दिए साल गुजारा। 122 फिल्मों के अलावा अजय सिनेमा से जुड़ी फ्यूचरिस्टिक अप्रोच के लिए भी चर्चा में रहते हैं। प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत करने वाले शुरुआती एक्टर्स में से ये एक हैं। अजय भारत के पहले एक्टर हैं, जिन्होंने VFX स्टूडियो की शुरुआत की। अब अजय थिएटर चैन NY सिनेमा के भी मालिक हैं। 600 करोड़ के इन्वेस्टमेंट के साथ अजय फिलहाल 65 प्लस थिएटर्स के मालिक हैं और आने वाले सालों में वो इस बिजनेस को एक्सपैंड कर देशभर में 250 स्क्रीन्स के मालिक बनने वाले हैं।



# थिएटर के बाद ओटीटी पर दहशत फैलाने आ रहे हैं आर माधवन, कब और कहां देखें फिल्म 'शैतान'?

बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन और आर. माधवन स्टारर फिल्म 'शैतान' इन दिनों सिनेमाघरों में छाई हुई है। फिल्म को खूब पसंद किया जा रहा है। ऑडियंस की तरफ से इस सुपरनेचुरल थ्रिलर को पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म की कहानी के साथ -साथ इसके किरदारों की भी खूब सराहना हुई।

फिल्म 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जो इस साल की अब तक की सबसे बड़ी हिट में शुमार है। बॉक्स ऑफिस पर इसने बेहतरीन परफॉर्म किय है, और 137 करोड़ की कमाई अब तक कर ली है। इस बीच अब शैतान की ओटीटी रिलीज को लेकर सुर्खियां तेज हो गई हैं। थिएटर में शानदार प्रदर्शन के बाद 'शैतान' अब ओटीटी पर खौफ मचाने को तैयार है। चलिए आपको बताते है कि 'शैतान' को कब और किस ओटीटी प्लेटफार्म पर देखा जा सकेगा।



# भोपाल जिले के मतदानकर्मियों के लिए प्रशिक्षण हुआ

**लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिये भोपाल जिले की सभी विधानसभाओं के मतदानकर्मियों के लिए एक साथ दो-दो सत्रों में प्रशिक्षण शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण 5 अप्रैल तक संबंधित जनपद पंचायत के नियत स्थल पर दो-दो सत्रों में संचालित होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आज आठ स्थानों पर एक साथ प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ।**



भोपाल जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री ऋतुराज सिंह ने प्रशिक्षण में सम्मिलित प्रशिक्षणार्थियों को निर्देशित किया कि चुनाव प्रक्रियाओं की बारीकियों को समझें। निर्वाचन संबंधी तमाम जिज्ञासाओं के समाधान के बाद ही प्रशिक्षण हॉल छोड़े। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में हुई गलती क्षम्य नहीं होगी।

श्री ऋतुराज सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक बिन्दु के संबंध में लिखित निर्देश जारी किए गए है जिसका अध्ययन कर शत प्रतिशत पालन कराया जाना है। उन्होंने सम्पूर्ण निर्वाचन कार्य टीम वर्क की भावना से करने पर बल देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक मतदानकर्मी की प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से निगरानी रखी जाती है। किसी एक की गलती से जिले की प्रतिष्ठा प्रभावित होती है। किन्ही भी परिस्थितियों में हमारी प्रतिष्ठा प्रभावित ना हो, इसका पूरा ध्यान रखना आवश्यक है।

श्री सिंह ने कहा कि मतदान दल की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में मतदान दलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसके लिए मतदान दलों को निर्वाचन प्रक्रिया से भली भांति अवगत होना आवश्यक है। मतदान के पूर्व की तैयारियों से लेकर मतदान दिवस तथा मतदान का समय समाप्त होने के पश्चात मतपत्र लेखा तैयार करनें की जानकारी तक से अवगत होना आवश्यक है। मतदान दल में तैनात सभी शासकीय सेवक ईव्हीएम संचालन का पर्याप्त अभ्यास कर लें।

प्रशिक्षणार्थियों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान दल के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व, पोलिंग एजेंटों की मतदान केंद्र पर नियुक्ति, मतदान केंद्र पर एक दिन पूर्व होने वाली कार्यवाही, मतदान के पूर्व की तैयारी एवं मॉक पोल, मतदान की पूर्व तैयारी एवं मॉक पोल, मॉक पोल का क्रम, मॉक पोल के दौरान मशीनों का परिवर्तन, मॉक पोल के पश्चात मशीनों की सीलिंग, वास्तविक मतदान प्रारंभ, मतदान केन्द्र में प्रवेश के लिये अनुमति धारक व्यक्ति, मतदान केंद्र पर मतदाताओं के प्रवेश का विनिमय, मतदान केंद्र और आस-पास निर्वाचन विधि का प्रवर्तन, मतदान प्रक्रिया, मतदान के दौरान की विशेष स्थितियां, बैटरी का विस्थापन, विस्थापन, व्हीव्हीपीएटी पेपर स्लिप पर गलत प्रिंट, मतदान समाप्ति पर कार्यवाही, निर्वाचन अभिलेख तैयार करना एवं पैकिंग, किंग, बुकलेट प्रपत्र, आदि की जानकारी दी गई। इसके अलावा पीठासीन अधिकारियों को भी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षित किया गया है।

# सी-विजिल एप में शिकायतों का हो रहा त्वरित निराकरण

## एक अप्रैल तक मिली 1473 शिकायतें

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि 16 मार्च से आदर्श चुनाव आचरण संहिता लागू होते ही सी-विजिल एप पर शिकायतें प्राप्त होने लगी हैं। एक अप्रैल तक प्रदेश के सभी जिलों से इस एप के माध्यम से कुल 1473 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है।**

श्री राजन ने बताया कि मुख्य रूप से सागर जिले में 165, ग्वालियर में 128, उज्जैन में 111, खरगोन में 70, शहडोल में 69, सीहोर में 60, रीवा में 59, धार में 57, भोपाल में 53, निवाड़ी में 51, रायसेन में 44 और राजगढ़ में 41 शिकायतों के साथ अन्य जिलों में भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं। श्री राजन ने प्रदेश के नागरिकों से अनुरोध किया है कि यदि वे निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे सी-विजिल एप के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी-विजिल एप डाउनलोड करना होगा। इसके लिए नागरिक को ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी-विजिल एप पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट के भीतर कार्यवाही की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए सी-विजिल एप तैयार किया गया है। इस एप के जरिए कोई भी नागरिक राजनैतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, कपड़े, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को उनके पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं को स्वयं के वाहन से परिवहन करने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों या परिसर पर प्रचार सामग्री लगाने या दीवार पर विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायतें कर सकता है।



# इंदौर में सरकारी काम की गति धीमी

# 11 साल में 25% बना एमआर-5, पूरा बन जाता तो 100 कॉलोनियों को होती सुविधा



शहर से बाहर जाने और आवासीय, कमर्शियल क्षेत्रों को कनेक्टिविटी देने के लिए 12 मेजर रोड (एमआर) बनाए गए। इनमें सबसे महत्वपूर्ण एमआर-5 है, जिसके बनने से मध्य शहर से सुपर कॉरिडोर व उज्जैन रोड को सीधी कनेक्टिविटी मिल जाती, लेकिन सरकारी काम की कछुआ चाल देखिए कि 11 साल में यह 25 फीसदी भी नहीं बन पाया है, जबकि इस रोड से करीब सौ कॉलोनियां जुड़ी हुई हैं, लेकिन सीधे कनेक्टिविटी नहीं होने से उन्हें दो से तीन किमी घूमकर आना-जाना पड़ रहा है।

एमआर-5 का प्रस्ताव 2011 में बना था, लेकिन काम की शुरुआत 2014 में हो पाई। पहले यह रोड आईडीए बना रहा था, लेकिन 2017 में इसे नगर निगम के हवाले कर दिया। आठ साल से निर्माण कार्य की गेंद एक पाले से दूसरे पाले में डाली जा रही है, लेकिन काम ना के बराबर ही हुआ है। चार माह से काम बंद होने को लेकर अभी नगर निगम का बहाना है कि अतिक्रमण नहीं हट रहे, जबकि हकीकत में इस रोड की 80 फीसदी से ज्यादा साइट खाली है। दूसरा बहाना केंद्र की सहायता प्रोजेक्ट से राशि नहीं आना बताया जा रहा है। अब सिंहस्थ प्रोजेक्ट से राशि मांगी है।

दूसरी ओर आईडीए द्वारा बनाए गए टुकड़े में भी एक ओर का हिस्सा अधूरा है। जबकि सुपर कॉरिडोर के आवासीय विकास के लिए यही सबसे अहम लिंक है। जब यह सड़क निगम के खाते में आई तो कलेक्टर आशीष सिंह ने ही निगमायुक्त रहते 2019 में इसका काम शुरू किया था, लेकिन सुपर कॉरिडोर से वायर फैक्टरी तक के हिस्से में भी छोटा बांगड़दा स्कूल तक काम अधूरा है।

इंदौर वायर की ओर से रुक्मिणी नगर वाले हिस्से में भी थोड़ा हिस्सा बनाकर छोड़ दिया। इससे टाउनशिप व सुपर कॉरिडोर के आसपास शैक्षणिक, आईटी संस्थानों में जाने वाले हजारों लोग परेशान हो रहे हैं। शुरुआती हिस्से में स्टॉर्म वाटर लाइन और यूटीलिटी के चैंबर के सरिए खुले पड़े हैं। इससे हादसे का भी खतरा है। रात में लाइट भी नहीं होती है, इससे भी लोगों को आने-जाने में काफी मुश्किल आ रही है।



## इंदौर में कूलर के गोदाम में लगी आग

# तंग बस्ती में लोगों ने जुगाड़ से बुझाई आग

**इंदौर** के नयापुरा इलाके में एक कूलर के गोदाम में आग लग गई। यहां आग की लपटें देख फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना के बाद दमकलें मौके पर पहुंची। यहां आग पर काबू कर लिया गया है। फायर ब्रिगेड के मुताबिक कोतवाली इलाके के नयापुरा में आग लगने की सूचना मिली थी। यहां एक टैंकर पानी डालकर आग पर काबू किया गया। नयापुरा में अधिकतर गोदाम बने हुए हैं। जहां संकरी गलियां हैं। यहां दमकल के पहुंचने के पहले ही लोगों ने पाइप डालकर दोनों तरफ से आग पर काबू पाने की कोशिश की थी।

## बाणगंगा इलाके में देर रात राहगिरों पर हमला

# पैदल घर जा रहे थे तभी लूट के लिए 7-8 बदमाशों ने रोककर पीटा

**इंदौर के बाणगंगा इलाके में देर रात दो युवकों पर हमला हो गया। परिजन उन्हें घायल हालत में रविवार देर रात 12 बजे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। दोनों युवक के सिर में चोट थी। उन्होंने बताया कि सड़क पर पहले से खड़े कुछ नशेड़ियों ने लूट के इरादे से उन पर हमला कर दिया। नशेड़ियों ने यहां और लोगों को भी पीटा। हालांकि पुलिस ने इस मामले में सोमवार दोपहर युवकों को एफआईआर के लिए थाने बुलाया है।**



मामला बाणगंगा के सुंदर नगर भट्?टे का है। कुंदन नगर में रहने वाला सुजल वर्मा और उसका दोस्त आयुष मेहरा दोनों रामनगर एक दोस्त के बर्थडे पार्टी में शामिल होने पहुंचे थे। यहां से पैदल रात में अपने घर जा रहे थे। तभी उन्हें सात से आठ लड़कों ने रोका। उनसे रुपए और मोबाइल मांगने लगे। दोनों के इनकार करने पर आरोपियों ने लात घूंसे, बेल्ट व पत्थर से उनके साथ मारपीट की।

जैसे-तैसे दोनों युवक यहां से अपनी जान बचाकर भागे। युवकों ने बताया कि बदमाश उसी इलाके के रहने वाले हैं। वह अन्य लोगों को भी रास्ते में रोककर इसी तरह से मारपीट कर रहे थे। उन्होंने रात में पुलिस को घटना की जानकारी भी दी। लेकिन पुलिस के पहुंचने तक वहां कोई नहीं मिला।

सुजल और आयुष को पहले अरबिंदो अस्पताल भेजा गया। यहां पुलिस केस होने का कह कर उन्हें एमवाय अस्पताल रैफर कर दिया। रात 2 बजे के लगभग दोनों मेडिकल कराने के बाद थाने पहुंचे। यहां पुलिस ने सोमवार को केस दर्ज कराने की बात कही।

# निगम मुख्यालय से 500 मीटर कान्ह में मिल रहा सीवरेज



**कान्ह नदी सफाई को लेकर सरकार गंभीर है। इसमें शहर की ड्रेनेज लाइन का पानी नहीं मिले इसे लेकर सख्त निर्देश भी दिए गए हैं। नगर निगम दावा कर रहा है कि सीवरेज के सभी आउट फाल बंद कर दिए हैं। जबकि हकीकत यह है कि कान्ह नदी या इसमें मिलने वाली सहायक नदियों में कई जगह सीवरेज के आउट फाल खुले हैं। रामबाग ब्रिज के समीप की यह तस्वीर है। यह स्थान नगर निगम मुख्यालय से बमुश्किल 500 मीटर भी दूर नहीं है। इसमें सीवरेज का पानी नदी में मिलता हुआ नजर आ रहा है। इसके आसपास की गंदगी भी अलग कहानी कह रही है। नदी सफाई के ऐसी तस्वीरों से कई सवाल खड़े होते हैं। जब नगर निगम अपनी नाक के नीचे नदी में मिल रहे सीवरेज को ही नहीं देख पा रहा है तो अन्य जगह के हालात की हकीकत पर कितना भरोसा किया जाए।**

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )